CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 13 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 26 जून 2026



मिर्जापुर' के ट्रेलर में सचिव...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### रामलला के दरबार पहुंचे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अयोध्या आकर रामलला के दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। रामलला का दर्शन करने के बाद वो हनुमानगढ़ी दर्शन करने पहुंचे और सुख-समृद्धि की कामना की। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे। सुबह करीब 11 बजे उन्होंने रामलला के दरबार में दर्शन-पूजन किया। इसके बाद वो हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। उनके साथ आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी मौजूद रहे। दर्शन से पहले केजरीवाल ने कहा कि वह भगवान राम से देशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। उन्होंने बताया कि रामलला के दर्शन के बाद वह हनुमानगढ़ी जाकर पूजा-अर्चना करेंगे। इसके उपरांत संत-महात्माओं से मुलाकात का भी उनका कार्यक्रम है। अयोध्या दौरे के दौरान पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### चढ़ावा चोरी में आरोपियों से रात भर हुई पूछताछ, दोबारा पहुंची एसआईटी

अयोध्या। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में प्रदेश सरकार को एसआईटी की रिपोर्ट सौंपने के बाद अयोध्या में लगातार हलचल हो रही है। बृहस्पतिवार को मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, मामले में आगे की जांच के लिए एसआईटी टीम फिर से अयोध्या पहुंच गई है। यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। कार्रवाई की जा रही है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अयोध्या में चढ़ावा चोरी के आरोपों में गिरफ्तार किए गए लोगों से रातभर पूछताछ की गई। कयास लगाए जा रहे हैं आज कुछ और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इसके पहले, चढ़ावा चोरी के खुलासे के 19 दिन बाद और जांच के लिए गठित एसआईटी की सिफारिश के दो दिन बाद आखिरकार एफआईआर दर्ज की गई।

# दून में घुसे निहंगों का हंगामा, देर रात तक चलती रही तनातनी

देहरादून

हमारे संवाददाता



चमोली जिले के कर्णप्रयाग में निहंग सिखों और स्थानीय लोगों के विवाद के बाद बृहस्पतिवार को निहंग सिखों का जत्था कुल्हाल बैरियर तोड़कर उत्तराखंड की सीमा में घुस गया। इनमें से कई देर रात देहरादून के धर्मावाला की ओर बढ़ रहे थे, कुछ निहंग तलवारें लहराकर जत्थे का नेतृत्व कर रहे थे, इन्हें रोकने के लिए पूरे जिले की पुलिस और अन्य फोर्स मौके पर तैनात थी। लेकिन रात एक बजे तक वह प्रेमनगर नहीं पहुंचे थे, उनकी लोकेशन पुलिस को भी नही पता थी। हालांकि अब मिली जानकारी के अनुसार देर रात सभी लोगों को वापस पांवटा साहिब की तरफ भेज दिया गया। चंडीगढ़ से हिमाचल के रास्ते उत्तराखंड के लिए कूच कर रहे करीब 200 निहंगों को पुलिस-प्रशासन ने कुल्हाल चेक पोस्ट पर बैरियर लगाकर रोका था। इसके बाद पांवटा साहिब गुरुद्वारे में करीब दो घंटे तक प्रशासन, पुलिस और निहंग सिखों के बीच हुई वार्ता बेनतीजा रही। इसके बाद कुछ निहंग लौट गए, जबकि 20 से 30 निहंग कुल्हाल पुल पार कर चेकपोस्ट पर पहुंच गए, जहां पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने का प्रयास किया, यहां कई घंटे तक तनातनी चलती रही। इसके बाद ये निहंग बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ गए। मौके पर तैनात पुलिस और आईटीबीपी के सामने ही तलवारें लहराते हुए वह देहरादून-पांवटा राजमार्ग की ओर जाने लगे। इस दौरान उन्हें रोकने के लिए पुलिस की ओर से खड़े किए गए दो डंपरों में भी उन्होंने तोड़फोड़ कर दी।

### सुरक्षा बलों को चकमा देकर मेहूंवाला के रास्ते दून में घुसे

निहंगों के दून की ओर कूच करने और कुल्हाल बैरियर तोड़कर आगे बढ़ने की सूचना से बृहस्पतिवार को देहरादून में भारी तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस महकमा हाई अलर्ट पर आ गया। डीएम आशीष चौहान, एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल प्रेमनगर क्षेत्र पहुंच गया। पंजाब से उत्तराखंड कूच के लिए निकले कुछ निहंग सिखों को तो कुल्हाल बॉर्डर पर रोक दिया गया लेकिन इनमें से करीब 20-25 निहंग बैरिकेडिंग तोड़कर उत्तराखंड की तरफ बढ़ गए। पुलिस को इंटेलिजेंस से सूचना मिली कि निहंग प्रेमनगर के रास्ते आएंगे।

मलबे हटाने का काम और रेस्क्यू जारी

# वेनेजुएला भूकंप में मौत का आंकड़ा 235 पहुंचा

नई दिल्ली

एजेंसी

वेनेजुएला में भूकंप के बाद मौत का आंकड़ा 235 पहुंच गया है। प्रभावित इलाकों में रेस्क्यू ऑपरेशन और मलबे हटाने का काम जारी है। रिक्टर पैमाने पर 7 से अधिक तीव्रता वाला ये भूकंप 120 से अधिक वर्षों के बाद आया है। ऐसे में हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है।



करीब 28 साल पहले वर्ष 1999 में वेनेजुएला भूस्खलन से प्रभावित हुआ था। हजारों लोगों की मौत के कारण इसे देश की सबसे भीषण प्राकृतिक आपदाओं में से एक माना जाता है। इस भूकंप के बाद डोमिनिकन गणराज्य की रेस्क्यू टीम प्रभावित इलाकों में सबसे पहले पहुंची। हालांकि, देश के माहौल को देखते हुए चुनौतियां अधिक गंभीर हैं और कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिगेज के लिए ये किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसी साल जनवरी में मादुरो की गिरफ्तारी के बाद पूर्व उपराष्ट्रपति रोड्रिगेज ने पदभार संभाला है। वेनेजुएला में जानमाल के नुकसान को लेकर दुनियाभर में संवेदनाएं जताई जा रही हैं। गुरुवार को भूकंप की खबर आने के बाद भारत की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि आपदा की इस घड़ी में देश हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है। आज ओडिशा में पुरी के समुद्र तट पर रेत से कलाकृतियां बनाने के लिए मशहूर पद्मश्री सुदर्शन पटनायक की सैंड आर्ट बनाकर वेनेजुएला भूकंप पीडितों के प्रति संवेदना जताई। दरअसल, वेनेजुएला में प्राकृतिक आपदा के अलावा भी कई बड़ी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लगभग छह महीने पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर देश की सेना ने अचानक की गई एक अप्रत्याशित कार्रवाई में देश के तत्कालीन राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों अमेरिकी कोर्ट में मुकदमे का सामना भी कर रहे हैं। फिलहाल, देश की जनता मौजूदा शासन को पूरी तरह स्वीकार नहीं करती। ऐसे में समन्वय के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना बेहद जटिल है। स्थानीय राहत और बचाव कार्य एजेंसियां भूकंप प्रभावित इलाकों में मलबे हटाने का काम कर रही हैं।

# गमगीन माहौल में मनाया मोहर्रम ताजियों-अखाड़ों ने खींचा ध्यान

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

मुस्लिम समुदाय ने शुक्रवार को मोहर्रम का पर्व पूरे अकीदत और गमगीन माहौल में मनाया। सुबह से ही नगर के विभिन्न क्षेत्रों से ताजिए निकाले गए, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर हजरत इमाम हसन और हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। या हुसैन की सदाओं और मातमी माहौल के बीच लोगों ने करबला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश की।

मोहर्रम के मौके पर शहर के अलग-अलग इलाकों में मुस्लिम समुदाय द्वारा शरबत, फल, खिचड़ी, बिस्कुट और अन्य खाद्य सामग्री के स्टॉल लगाए गए। ताजिया जुलूस और अखाड़ों में शामिल लोगों के लिए जगह-जगह लंगर की व्यवस्था भी की गई, जहां लोगों ने सेवा भाव से प्रसाद वितरित किया। विभिन्न अखाड़ों द्वारा प्रस्तुत हैरतअंगेज करतब लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। युवाओं ने तलवारबाजी, लाठी और पारंपरिक युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। करतबों ने मौजूद लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया।

बनभूलपुरा क्षेत्र में मकसूद आलम की टीम ने कई स्थानों पर ढोल-ताशों की धुन के साथ मातमी कार्यक्रम प्रस्तुत किए। टीम ने इमाम हसन-हुसैन की कुर्बानी को याद करते हुए करबला की शहादत का संदेश लोगों तक पहुंचाया। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शहरभर में पुलिस बल तैनात रहा। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई और पुलिस हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए मुस्तैद दिखाई दी। पूरे दिन शहर में धार्मिक आस्था, भाईचारे और अनुशासन का माहौल देखने को मिला।



# वीकेंड पर कैंची धाम जाने वालों के लिए ट्रैफिक प्लान जारी, पुलिस ने जारी किया डायवर्जन रूट

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जनपद नैनीताल में प्रत्येक शनिवार और रविवार को कैंची धाम, भवाली एवं भीमताल क्षेत्र में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष ट्रैफिक एवं डायवर्जन प्लान लागू किया है।

प्रशासन ने आमजन से निर्धारित रूट प्लान का पालन करने की अपील की है। पुलिस के अनुसार अल्मोड़ा और रानीखेत की ओर से हल्द्वानी आने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से डायवर्ट कर रामगढ़ङ्कमुक्तेश्वर मार्ग से हल्द्वानी भेजा जाएगा। वहीं हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले आवश्यक सेवाओं से जुड़े भारी वाहन अपने निर्धारित मार्ग से संचालित हो सकेंगे। अन्य भारी वाहनों को यातायात दबाव बढ़ने की स्थिति में मस्जिद तिराहा, भवाली पर रोका जाएगा अथवा रामगढ़ व खुटानी मार्ग से उनके गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। वाया भीमताल कैंची धाम जाने वाले निजी वाहनों को विकास भवन पार्किंग, भीमताल में पार्क कराया जाएगा। यहां से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को स्थानीय शटल सेवा के माध्यम से कैंची धाम एवं भवाली भेजा जाएगा। वहीं गेठिया और नैनीताल मार्ग से आने वाले निजी वाहनों को भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा, जहां से शटल सेवा उपलब्ध रहेगी।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पंतनगर पहुंचे, सीएम ने किया स्वागत

पंतनगर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार (आज) को पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत तमाम जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार (आज) को पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत तमाम जनप्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित संग्रहालय (म्यूजियम) का निरीक्षण किया और छात्रों के साथ खेत में जाकर धान की रोपाई की।

# आपातकाल की स्मृति में हस्ताक्षर अभियान आयोजित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एमबीपीजी महाविद्यालय, हल्द्वानी में आपातकाल की स्मृति में एक विशेष हस्ताक्षर अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को लोकतंत्र के महत्व, नागरिक अधिकारों तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति जागरूक करना था।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक महत्वपूर्ण और सीख देने वाला अध्याय है। इससे हमें यह समझने का अवसर मिलता है कि लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं है, बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकारों की सुरक्षा और संवैधानिक संस्थाओं की मजबूती पर भी आधारित है। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस अभियान का




उद्देश्य किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के विरोध में नहीं, बल्कि युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा और उसे मजबूत बनाए रखना प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं की जिम्मेदारी है।कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हमें इतिहास से सीख लेते हुए ऐसे भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए, जहां संविधान, नागरिकों की स्वतंत्रता और उनके अधिकार सदैव सुरक्षित रहें। अभियान में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा हस्ताक्षर कर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री कैलाश बिष्ट, विश्वविद्यालय कार्य संयोजक सूरज सिंह रमोला, विभाग संयोजक निखिल सोनकर, जिला संयोजक धीरज गड़कोटी, धीरज बिष्ट, आर्यन बेलवाल, यतिन पांडे सहित एबीवीपी के अनेक कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोक भवन में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

लोक भवन नैनीताल में अधिकारियों व कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए बीरवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से विभिन्न बीमारियों की समय रहते पहचान करना तथा बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था।

इस दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से मुहैया चिकित्सा सुविधाओं तथा स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिविर में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों एवं उनके परिजनों से भी संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा सभी से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। शिविर के दौरान बीडी पांडे जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग 150 विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं तथा 15 ईसीजी परीक्षण भी किए गए। प्रतिभागियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श के साथ स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुधांशु सिंह, जनरल फि जिशियन डॉ. अभिषेक गुप्ता, जनरल सर्जन डॉ. शादन अली, नेत्र शल्य चिकित्सक डॉ. दीपिका लोहानी, पैथोलॉजिस्ट डॉ. प्रियांशु तथा मनोचिकित्सक डॉ. गरिमा द्वारा विभिन्न रोगों से संबंधित स्वास्थ्य परीक्षण एवं विशेषज्ञ परामर्श मुहैया कराया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में उत्कृष्ट सेवा देने वाले 7 चिकित्साकर्मियों को सममानित किया एवं स्वास्थ्य शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की।





# उत्तराखंड की सीनियर टीम राष्ट्रीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता हेतु रवाना

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मिनी गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 25 से 30 जून तक रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित 11वी राष्ट्रीय सीनियर (महिला/पुरुष) मिनी गोल्फ प्रतियोगिता हेतु उत्तराखंड प्रदेश की सीनियर महिला/पुरुष टीम रुद्रपुर से छत्तीसगढ़ के लिए रवाना हुई।

डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया उक्त सीनियर टीम में 8 पुरुष एवं 8 महिला खिलाड़ी उत्तराखंड टीम का प्रतिनिधित्व करने राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित हुए हैं, पुरुष टीम में अभय बिष्ट/ संजय भट्ट/ अथर्व चौधरी/ निष्कर्ष चौधरी/ सुनिश्चिठ/ध्रुव विरमानी/ एन.वी.खान तथा योगेश तथा महिला टीम में कशिश शर्मा/अंजली गंगवार/ प्रेरणा नेगी/मनजोत कौर/ भूमिका/कशिश/ वंशिका तथा श्वेता शामिल हैं। इस मौके पर द मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के सचिव डॉ. राहुल चंद्र,उपाध्यक्ष पवन बकशी, दीपक गुप्ता, लोकेश पांडे समेत अन्य सदस्यों ने टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# डीएसए ने शुरु की लैंडो लीग फुटबाल प्रतियोगिता की तैयारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के डीएसए की ऐतिहासिक लैन्डो लीग फुटबॉल प्रतियोगिता आगामी 5 जुलाई (रविवार) से शुरु होने जा रही है।

बता दें इस वर्ष इस प्रतियोगिता का यह 103वॉ वर्ष है। यह एक बेहद रोमांचक और गौरव शाली प्रतियोगिता है जो स्थानीय स्तर पर यह खेली जाती है जिसमें शहर की लगभग 50 बेहतरीन टीमें भाग लेती हैं। नैनीताल शहर की इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए बीरवार को डीएसए नैनीताल का परिवार जुटा रहा।

प्रतियोगिता के लिए मैदान तैयार करने में डीएसए के महासचिव मनोज जोशी, उपसचिव खीमराज देउपा, फुटबॉल सचिव पवन खनायत, क्रिकेट सचिव रवि प्रकाश जोशी, बालीबाल सचिव शैलेंद्र बर्गली,बास्केट बाल सचिव हरीश जोशी, डा.मनोज सिंह बिष्ट, सभासद भगवत रावत, मुकुल जोशी, जलज बर्मा समेत डीएसए नैनीताल के कर्मचारी में जुटे रहे। बता दें प्रतियोगिता में प्रवेश करने की अन्तिम तिथि 30 जून (मंगलवार)निर्धारित की गयी है।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# डीएम के निर्देश बेअसर, फुटपाथों व सड़क किनारे अतिक्रमण से पैदल चलना हुआ मुश्किल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला प्रशासन के निर्देशों के बावजूद नगर के फुटपाथों और सड़कों से अतिक्रमण नहीं हट पाया है। मल्लीताल से तल्लीताल तक कई स्थानों पर दुकानदारों, फड़ कारोबारियों और अवैध पार्किंग के कारण फुटपाथ सिकुड़ते जा रहे हैं जिससे लोगों को मजबूरन सड़क पर चलना पड़ रहा है।

बता दें नैनीताल के मल्लीताल स्थित भोटिया मार्केट, न्यू पालिका बाजार और खड़ी बाजार क्षेत्र में कई दुकानदारों ने अपना सामान दुकानों से करीब तीन फीट तक बाहर सजा रखा है इससे पहले से संकरे फुटपाथों की चौड़ाई और कम हो गई है वहीं तल्लीताल में हल्द्वानी रोड पर भी फुटपाथों का हाल बेहाल है। यहां फुटपाथों पर दोपहिया वाहन पार्क किए जा रहे हैं जिससे पैदल यात्रियों को सड़क पर उतरकर चलना पड़ रहा है। मॉल रोड पर भी सड? किनारे खड़ी बाइकें और अस्थायी दुकानें लोगों की आवाजाही में बाधा बन रही हैं। स्थिति यह है कि मल्लीताल के बाद अब तल्लीताल क्षेत्र में भी फड़ कारोबारियों की संख्या बढ़ने लगी है। तल्लीताल चौराहे के आसपास कई लोग सड़क किनारे अस्थायी रूप से सामान बेच रहे हैं। इससे सड़क की चौड़ाई प्रभावित होने के साथ ही पैदल यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के खिलाफ समय-समय पर अभियान तो चलाए जाते हैंए लेकिन कार्रवाई के कुछ दिन बाद ही स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।

मामले में उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक ने बताया कि नगर में लगातार फुटपाथों व सड़कों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है जल्द ही विशेष अभियान चलाकर फुटपाथों और सड़क किनारों से अवैध कब्जे हटाए जाएंगे साथ ही फुटपाथों पर खड़े वाहनों और निर्धारित सीमा से बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पैदल यात्रियों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन सख्त कदम उठाएगा।

# बिना डीएल पर्यटक को टैक्सी स्कूटी किराये पर देना पड़ा महंगा

**नैनीताल** । बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले पर्यटक को टैक्सी वाहन किराये पर देना वाहन स्वामी को महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्कूटी को सीज कर दिया।

जानकारी के मुताबिक बीरवार को स्कूटी बारापत्थर से मल्लीताल की ओर आ रही थी। स्कूटी को लखनऊ निवासी पर्यटक सर्वेश कुमार पांडे चला रहा था। पुराना घोड़ा स्टैंड के पास चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर चालक घबरा गया जिस पर पुलिस ने उसे रोककर ड्राइविंग लाइसेंस मांगा लेकिन वह लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि वाहन स्वामी मल्लीताल निवासी देवेंद्र सिंह ने स्कूटी को पर्यटक को किराये पर दिया था। टीएसआई हरीश फ र्त्याल ने बताया कि बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस वाले व्यक्ति को वाहन चलाने देना और किराये पर वाहन उपलब्ध कराना नियमों का उल्लंघन है।

## NEWS / फटाफट

### अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने की गर्वनर से शिष्टाचार भेंट









**नैनीताल** । राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से बीरवार को लोक भवन में नैनीताल जिले के जिला स्तरीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से शिष्टाचार भेंट की। भेंट करने वालों में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, पुलिस कप्तान डा.मंजूनाथ टीसी, सीडीओ अरविन्द कुमार पांडे तथा नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या शामिल रही।

### मुहर्रम कमेटी ने निकाला ताजियों का जुलूस

**नैनीताल** । मुहर्रम कमेटी के जानिब से नैनीतालव में बीरवार को तजियों का जुलुस निकाला गया जो रॉयल होटल से शुरू होकर इंद्रा मार्केट कंपाउंड, बकरी कंपाउंड, रजा कलब पहुंचा जहाँ से ताजियों को बीच बाजार, जय लाल शाह बाजार, खड़ी बाजार, गारी पड़ाव तथा पुराना घोड़ा स्टैंड, बड़ा बाजार होते हुई रजा कलब में जाकर संपन्न हुआ। इससे पहले सुबह से आम लंगर (भंडरा)हुआ जिसमें सैकड़ों लोगो ने शिरकत की। इस दौरान मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बकश, नायब सदर तस्लीम बकश, महासचिव समीर अली, सचिव मो कासिम, कोषाध्यक्ष मो अज़ीम समेत मो नसीम, मोईन गुड्डा, सलीम बबलू, इब्राहिम, मो काशिफ , आरिफ हुसैन, रिहान, फ ारूक, अबदुल बासित, नाजिम, आशु बकश, मोशीन बकश तथा अमीर हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने खोजकर लौटाया पर्यटक का खोया मोबाइल

**नैनीताल** । नैनीताल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए राजस्थान के जोधपुर से आए एक पर्यटक का खोया हुआ मोबाइल कुछ ही घंटों में तलाश कर वापस लौटाकर मित्र पुलिस की छवि को मजबूत किया हैं। जानकारी के मुताबिक जोधपुर निवासी सुनील प्रजापत पुत्र पुखराज प्रजापत 24 जून को नैनीताल भ्रमण पर आए थे। इस दौरान नैनीताल बाजार में उनका मोबाइल फ ोन कहीं गुम हो गया। काफी तलाश के बाद भी मोबाइल नहीं मिलने पर उन्होंने कोतवाली मल्लीताल में इसकी सूचना दी। दूसरी ओर मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत के निर्देशन में चीता मोबाइल टीम को सक्रिय किया गया। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तकनीकी सहायता और खोजबीन के जरिए कुछ ही घंटों में मोबाइल फोन बरामद कर लिया। कोतवाली मल्लीताल में मोबाइल वापस मिलने पर पर्यटक सुनील प्रजापत ने नैनीताल पुलिस की त्वरित कार्यप्रणाली और ईमानदारी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### सड़क व संचार व्यवस्था का जल्द होगा समाधान



**नैनीताल** । भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने बीरवार को नैनीताल विधानसभा के कोटाबाग विकास खंड के ग्राम सभा बबास, ओखलढुंगा तथा डानपरेवा एवं गोरिवा देव तथा अमगढी में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को डबल इंजन सरकार की विकास योजनाओं एवं स्वरोजगार योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। भ्रमण के दौरान लोगों ने डा.आर्य को डानपरेवा तथा ओखलढुंगा में सड़क एवं संचार व्यवस्थाओं की समस्या भी बताई,इस दौरान डॉ आर्य ने कहा कि जल्दी ही मामले को लेकर मुख्यमंत्री के सामने रखकर समाधान किया जाएगा। इस मौके पर धनुली देवी, शांति देवी, रमेश गिरी,दीवान गिरी, हरीश बेलवाल, पूरन, नर सिंह, बलवंत सिंह, नारायण ,राजू ,किशन राम, पूरन उपाध्याय, राजेश कुमार, हरीश, पान सिंह, लक्ष्मी देवी, बसंती देवी तथा शोभा नेगी समेत ग्रामवासी मौजूद रहे।

### मैक्स कर्मचारी से मारपीट मामला:पुलिस ने की 4 के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल राजभवन क्षेत्र में एक निजी स्कूल के मैस में कार्यरत व्यक्ति व वहीं कार्यरत महिला के पति और बेटे के बीच मारपीट करने का मामला सामने आया था। दोनों पक्षों के बीच पुलिस चौकी में भी विवाद हुआ था। दोनों पक्षों की बात सुन पुलिस ने शांति भंग में चार के खिलाफ कार्रवाई की है। शिकायतकर्ता मनोज कुमार ने बताया कि वह बीते रविवार देर शाम अपने घर में आराम कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान मैस में कार्यरत महिला के पति और बेटे ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट कीए जिससे वह घायल हो गया। घटना में उसकी आंख पर गंभीर चोट आई है।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सोमवार को दोनों पक्षों को तल्लीताल चौकी बुलाया। यहां पूछताछ के दौरान दोनों पक्ष फिर आपस में भिड़ गए जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मैस में कार्यरत महिला बबीता ने मनोज पर अभद्र और आपत्तिजनक बातें करने का आरोप लगाया है।

# अभिमत

## पर्यावरण, स्वास्थ्य और ऊर्जा बचत

*साइकिल चलाने को खेल से जोड़ते हुए पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। ऊर्जा संकट के दौर में पैट्रोल से चलने वाले वाहनों के सीमित उपयोग की जरूरत है। अधिकारियों ने कार्यालय जाने के लिए साइकिल का उपयोग करके जन सामान्य को संदेश दिया है। जिस तरह देवभूमि में घर-घर से सैनिक निकलते रहे हैं, ठीक उसी तरह हर गांव-गली में किसी न किसी खेल के चैंपियन होने चाहिएं। दरअसल ऑटो मोबाइल उद्योग के विकसित होने के बाद वाहनों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। साइकिल चलाना लगभग लोगों ने छोड़ दिया है। गांवों में भी लोग स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार का इस्तेमाल करते हैं।*

विज्ञान और तकनीक के विकास से सुविधाएं बढ़ी हैं, लेकिन समस्याओं में भी इजाफा हुआ है। साइकिल चलाने को खेल से जोड़ते हुए पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। ऊर्जा संकट के दौर में पैट्रोल से चलने वाले वाहनों के सीमित उपयोग की जरूरत है। अधिकारियों ने कार्यालय जाने के लिए साइकिल का उपयोग करके जन सामान्य को संदेश दिया है। जिस तरह देवभूमि में घर-घर से सैनिक निकलते रहे हैं, ठीक उसी तरह हर गांव-गली में किसी न किसी खेल के चैंपियन होने चाहिएं। दरअसल ऑटो मोबाइल उद्योग के विकसित होने के बाद वाहनों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। साइकिल चलाना लगभग लोगों ने छोड़ दिया है। गांवों में भी लोग स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार का इस्तेमाल करते हैं। मजदूर वर्ग के पास भी साइकिल मुश्किल से मिलती है। किशोर उम्र के छात्र भी स्कूटर से स्कूल आते-जाते हैं। साइकिलिंग प्रतियोगिता के खिलाड़ी जरूर साइकिल चलाते हैं। खिलाड़ी ज्यादातर स्टेडियम अथवा कालेज की फील्ड में प्रैक्टिस करते हैं। साइकिल से पर्यावरण को हानि नहीं होती है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड का 65 प्रतिशत भूभाग वन और पर्वतीय है। वन से पर्यावरण संरक्षण होता है। मैदानी शहरों और गांव में पेड़ों का अंधाधुंध कटान हुआ है। प्रदूषण से सांस लेना भी दूभर हो गया है। मैदानी क्षेत्र में उद्योगों के अलावा वाहनों से सबसे अधिक प्रदूषण हो रहा है। दोपहिया और चारपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग प्रदूषण रहित है। लेकिन भारी भार वाहन डीजल से चलते हैं। कारोबार वाले वाहनों पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है। भीड़भाड़ वाले शहरों में तेज गति से दौड़ने वाले वाहनों के कारण साइकिल चालक को खतरा है। छोटे शहरों, कस्बों और गांव में साइकिल चलाना सुरक्षित है। व्यस्तता के कारण व्यायाम के लिए समय नहीं मिलता है। स्कूटर और मोटरसाइकिल के इस्तेमाल से शारीरिक श्रम कम हो जाता है। सुविधाभोगी दिनचर्या से शरीर में रोग होने लगते हैं। जिम में एक्सरसाइज तथा योगासन से लाभ जरूर होता है। योग का नियमित अभ्यास के साथ यदि साइकिल को दिनचर्या में शामिल किया जाये तो एक काम से कई लाभ होंगे। ऑटो मोबाइल वाहन के ईंधन में खर्च होने वाले धन की बचत होगी। उत्तराखंड में बच्चे से लेकर वृद्ध तक में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता है। पर्वतीय क्षेत्र में सेना और अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती की तैयारी करने वाले किशोर व युवा शरीर को शक्तिशाली बनाने के लिए साइकिल चलाते देखे जा सकते हैं। महिला और पुरुष पैदल अधिक चलते हैं।

# आपातकाल की वर्षगांठ को मनाया लोकतंत्र हत्या दिवस के रूप में

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी कुमाऊँ संभाग कार्यालय हल्द्वानी में आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर में सम्पूर्ण देश में मनाया गया लोकतंत्र हत्या दिवस के मौके पर भाजपा जिला नैनीताल द्वारा जिला स्तरीय गोष्ठी एवं लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्जवलन एवं वन्देमातरम् के सामूहिक गान के साथ किया गया।

कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों जगन्नाथ पाण्डे, ललित किशोर पाण्डे, पूरन चन्द्र शर्मा, हरीश अग्रवाल, सोबन सिंह अधिकारी, गिरीश काण्डपाल, स्वर्गीय सुरेन्द्र वर्मा के परिजन व पुनीत लाल डींगरा के परिजन का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया तथा देश के लोकतांत्रिक इतिहास के उस काले अध्याय को स्मरण करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी ललित किशोर पाण्डे व गिरीश काण्डपाल ने लोकतंत्र सेनानियों ने भी आपातकाल के दौरान आपने संघर्षों एवं अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए हजारों कार्यकर्ताओं ने जेल यातनाएँ झेलीं, लेकिन लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था को कभी कमजोर नहीं होने दिया।वक्ताओं ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा देश पर थोपा गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। उस समय संविधान की मूल भावना को कुचलते हुए नागरिक स्वतंत्रताओं को समाप्त कर दिया गया, प्रेस पर सेंसरशिप लागू की गई, न्यायपालिका पर दबाव बनाया गया तथा हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और लोकतंत्र प्रेमियों को जेलों में डाल दिया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर कालाढूँगी विधायक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की शक्ति और लोकतंत्र सेनानियों के अदम्य साहस के कारण ही देश ने उस कठिन दौर से बाहर निकलकर पुनः लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित किया। आज का दिन उन सभी वीर सेनानियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को स्मरण करने तथा नई पीढ़ी को लोकतंत्र की रक्षा के प्रति जागरूक करने के अवसर है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक श्रीमती सरिता आर्या, लालकुआँ विधायक मोहन सिंह बिष्ट, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, कार्यक्रम के प्रदेश सह-संयोजक साकेत अग्रवाल, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दिनेश आर्य, हुकुम सिंह कुंवर, मोहन पाठक, ब्लाक प्रमुख डॉ हरीश बिष्ट व के.डी. रूवाली, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली व विनीत अग्रवाल, जिला संयोजक गणेश रावत, जिला सह-संयोजक प्रताप रैंक्राल व नितिन राणा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जंगल में अतिवृष्टि के बाद पानी के साथ बहकर आया मलबा, भारी नुकसान

**चमोली।** चमोली जिले के कर्णप्रयाग में बारिश में भारी नुकसान हुआ है। नारयणबगड़ में जीआईसी परिसर और बाजार में दुकानों में मलबा घुस गया। वहीं गौचर में जल भराव हो गया। बृहस्पतिवार रात को नारायणबगड़ ब्लॉक मुख्यालय में जीआईसी परिसर के पीछे जंगल में अतिवृष्टि के बाद पानी के साथ बहकर आए मलबे के सैलाब से जीआईसी परिसर में काफी नुकसान हुआ है।

तीन कक्षा कक्षों की दीवारों को तोड़कर मलबा छात्रावास और कालेज परिसर में घुस आया, जिससे विद्यालय कार्यालय, प्रधानाचार्य कार्यालय समेत कई कक्ष मिट्टी पत्थरों के घुसने से जलमग्न हो गया है। पूरे विद्यालय परिसर में जहां तहां मलबा पसरा हुआ है। इंटर कालेज परिसर और अस्पताल के बीचोंबीच बने नाले से आए मलबे का सैलाब हाईवे पर पसर गया। दर्जनभर दुकानों के अंदर मलबा भर गया और कई दोपहिया और हल्के चारपहिया वाहन मलबे में आंशिक रूप से डूब गए।



## रुद्रपुर सिडकुल चौराहे पर अमोनिया गैस रिसाव, राहगीरों में मची अफरा-तफरी

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

सिडकुल चौराहे के पास शुक्रवार सुबह अमोनिया गैस का रिसाव हुआ। सुबह पौने सात बजे एक टैंकर से गैस छलकने लगी। इससे चौराहे पर गैस की तेज गंध फैल गई और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई।

रुद्रपुर शहर में सिडकुल चौराहे के पास शुक्रवार सुबह अमोनिया गैस का रिसाव हुआ। सुबह पौने सात बजे एक टैंकर से गैस छलकने लगी। इससे चौराहे पर गैस की तेज गंध फैल गई और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र स्वयं टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बजाज कंपनी के साथ मिलकर चुनौतीपूर्ण कार्य को अंजाम दिया। अग्निशमन वाहन से पंप करके सड़क की धुलाई की गई।

इस संयुक्त अभियान में स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद था। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी (डीडीओएम) की टीमें भी घटनास्थल पर उपस्थित थीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी कटारिया ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अग्निशमन इकाई को निर्देश दिए कि अमोनिया गैस पूरी तरह समाप्त होने के बाद ही अग्निशमन केंद्र लौटें।

## ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट की पहल पर स्वास्थ्य महकमा एक्टिव मोड पर

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट क्षेत्र में फैले डायरिया के प्रकोप के बाद ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट की त्वरित पहल पर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया है। प्रशासन की ओर से गठित स्वास्थ्य दलों ने बीरवार को प्रभावित क्षेत्रों में घर-घर जाकर मरीजों की जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। क्षेत्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की दो टीमें मैदान में उतरीं हैं।

ज्योलीकोट वाली स्वास्थ्य महकमे की टीम में शामिल डॉ. मोहन भट्ट, नर्सिंग अधिकारी पूनम बिष्ट, संक्रामक रोग विश्लेषक नंदन कांडपाल, आशा सुपरवाइजर दीपा अधिकारी और वर्कर खिलावती ने प्रभावितों का उपचार किया वहीं दूसरी ओर गांजा की टीम में शामिल डॉ. गर्वित, डॉ पल्लवी किशोर और फ र्मासिस्ट नम्रता ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की।

# फिल्मी दुनिया

## मिर्जापुर' के ट्रेलर में सचिव जी को देखकर चौंके यूजर्स







*पॉपुलर वेब सीरीज 'मिर्जापुर' अब बड़े पर्दे पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। आज पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु की मच अवेटेड फिल्म %मिर्जापुर- द मूवी% का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर रिलीज होने के बाद फैंस ने अपने रिएक्शन शेयर किए हैं। टीजर में पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु काफी खतरनाक अवतार में नजर आए। तीनों के बीच मिर्जापुर की गद्दी की लड़ाई जारी है। टीजर में अली फजल और दिव्येंदु शानदार एक्शन करते नजर आ रहे हैं। फिल्म में नए किरदारों की एंट्री हुई है।*

*फिल्म में 'पंचायत' फेम जितेंद्र कुमार और रवि किशन की एंट्री हुई है। दोनों टीजर में काफी अलग और अनोखे अंदाज में नजर आए हैं। टीजर देखकर लगता है कि दोनों का रोल काफी अहम होने वाला है। अब टीजर रिलीज होने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है। कई यूजर्स ने कमेंट कर टीजर को लेकर अपना रिएक्शन दिया है। एक यूजर ने कमेंट किया- 'अब 4 सितंबर का इंतजार नहीं हो रहा।' दूसरे ने कमेंट किया- 'मिर्जापुर का एक नियम है- लॉयल रहना पड़ेगा। वहीं एक यूजर ने लिखा- 'बबलू पंडित के किरदार में जीतू परफेक्ट कॉम्बो है।' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'विक्रांत की याद आएगी।' इसके अलावा जहां एक तरफ कई यूजर्स मुन्ना भैया को देखकर खुश हुए, तो वहीं कुछ यूजर्स ने सवाल पूछा- 'मुन्ना भैया जिंदा कैसे हो गए?*

### कब रिलीज?

*मिर्जापुर द मूवी का निर्देशन गुरमीत सिंह ने किया है। इसे पुनीत कृष्णा ने लिखा है। इसे एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी हैं।*

## आर्शीवाद विमेंस क्लब के सदस्यों ने किया पौधरोपण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित संस्था आशीर्वाद विमेंस क्लब के द्वारा बीरवार को नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत भूमियाधार में वृहद पौधरोपण किया गया। क्लब के सदस्यों ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान क्लब के सभी सदस्यों ने गमले में मिट्टी डाली और पौधों के प्लास्टिक निकाल कर पौधे को गमले में रोपित किया तथा उनके बड़े होने तक उनकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया। बता दें क्लब की ओर से जिन पौधों का रोपण किया गया उनमें मोरपंखी, चंपा मधु कामिनी, मोगरा, गुलाब ईक्स ओरा,चदनी तथा सावनी पुष्पी पादपों का रोपण किया गया तत्पश्चात समस्त गमलों को मंदिर में ले जाकर पूजा अर्चना की गई और सभी गमलों को मंदिर परिसर के देखो पुजारी को सौपा गया। इस दौरान भूमियाधार मंदिर में आए श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण में पौधों की भूमिका के बारे में बताते हुए उन्हें भी अधिक से अधिक पौधरोपण करने को कहा। पौधरोपण कार्य में क्लब की ओर से शोभा गुप्ता, निधि कंसल, मोनिका साह, रेखा कंसल, गीता साह, मंजू बिष्ट, रेखा त्रिवेदी, नीलू एलहेन्स, मीनू शर्मा,वर्षाजलि श्रीवास्तव तथा मानसी गर्ग शामिल रहे।



## News कॉर्नर

### अल्मोड़ा की आराध्या ने टेबल टेनिस में जीता स्वर्ण पदक

अल्मोड़ा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय अल्मोड़ा की छात्रा आराध्या शर्मा ने 55वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भारतीय पेट्रोलियम संस्थान, मोहकमपुर, देहरादून में हुई थी। इसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों के बीच कड़े मुकाबले हुए जिसमें आराध्या शर्मा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। कक्षा नौ की छात्रा आराध्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता विपिन शर्मा, शिक्षकों और विद्यालय को दिया। प्रधानाचार्या, शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि आराध्या भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नाम रोशन करेगी।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक गंभीर घायल, आरोपी चालक पर मुकदमे की मांग

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पत्नी ने थाना मुखानी में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में कलावती कॉलोनी, नंद विहार निवासी जगत सिंह चौहान ने कहा है कि बीती 23 जून की रात अपने घर से कुत्ता घुमाने के लिए आरटीओ ऑफिस रोड की ओर निकले थे। इसी दौरान दीया डेंटल क्लीनिक के सामने एक आल्टो कार के चालक गौरव कुमार आगरी ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल कुसुमखेड़ा ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें रामपुर रोड स्थित निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वर्तमान में घायल का उपचार अस्पताल की आईसीयू में चल रहा है।

# नैनीताल पुलिस ने 256 फोन बरामद कर मालिकों को लौटाए

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल पुलिस ने खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए अप्रैल माह से 24 जून तक कुल 256 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिए। बरामद किए गए मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 56.25 लाख रुपये बताई जा रही है। अपना खोया मोबाइल वापस मिलने पर फरियादियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस का आभार जताया। पुलिस मोबाइल ऐप तथा सायर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न ब्रांड के मोबाइल फोन गुम होने की शिकायतें प्राप्त हुई थीं। मामले का संज्ञान लेते हुए एस एस पी डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने





जनपद स्तर पर गठित मोबाइल ऐप सेल को गुम हुए फोन बरामद करने के लिए सख्त निर्देश दिए। एसपी डॉ. जगदीश चन्द्र और एसपी मनोज कत्याल के मार्गदर्शन में, सीओ ऑपरेशन अमित कुमार सैनी के पर्यवेक्षण तथा उपनिरीक्षक मीनू गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शिकायतकर्ताओं के प्रार्थना पत्रों के आधार पर मोबाइल फोन के आई एम आई नंबर को पोर्टल पर ट्रैक किया। जांच के दौरान गुम हुए फोन विभिन्न राज्यों में सक्रिय पाए गए। पुलिस टीम की कड़ी मेहनत और तकनीकी निगरानी के बाद उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से अलग-अलग कंपनियों के कुल 256 मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद मोबाइल फोन में 4 आईफोन, 35 सैमसंग, 59 ओप्पो, 10 वन प्लस, 26 रियलमी, 50 वीवो, 10 मोटो, 10 इनफिनिक्स, 19 रेडमी, 14 पोको, 5 लावा, 3 इक्फ 6 टेक्नो और 5 आईटेल शामिल हैं।

इस उल्लेखनीय सफलता पर एस एस पी ने मोबाइल रिकवरी टीम की सराहना करते हुए टीम को 2,500 रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। मोबाइल बरामदगी अभियान में उपनिरीक्षक मीनू गौतम, कांस्टेबल किशन सिंह कुंवर तथा कांस्टेबल रामचन्द्र प्रजापति की अहम भूमिका रही। नैनीताल पुलिस की इस कार्रवाई ने आम जनता का भरोसा और मजबूत किया है तथा यह साबित किया है कि तकनीक और सतर्क पुलिसिंग के दम पर गुम हुई संपत्ति भी वापस मिल सकती है।

# एमबीपीजी कॉलेज छात्र नेता से मारपीट पर भड़के कांग्रेसी, कोतवाली में दो घंटे धरना

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विधायक सुमित हृदेश के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुवार देर शाम छात्र नेता मेहुल के साथ हुई मारपीट के विरोध में हल्द्वानी कोतवाली का घेराव किया। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने करीब दो घंटे तक धरना देकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई।

धरने में महिला कांग्रेस नेत्री मीमांसा आर्य, युवा नेता हेमंत साहू समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने कोतवाल विजय मेहता से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि दिनदहाड़े छात्र नेता की पिटाई शहर की बिगड़ती कानून-व्यवस्था का गंभीर संकेत है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस



अपराधों पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि शुक्रवार तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। युवा नेता हेमंत साहू ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक न मुकदमा दर्ज किया गया और न ही आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हुई। धरने की सूचना पर अमित सैनी भी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ और कांग्रेसी वापस लौट गए।


# 11 नौलों/धारे जीर्णोद्वार के बाद दिखेंगे कुमाऊंनी पारंपरिक शैली में

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जल संस्थान की ओर से नैनीताल क्षेत्रांतर्गत 11 नौलों/ धारों का जीर्णोद्वार कार्य कुमाउनी पारंपरिक शैली में कराया जाना है जिसमें से वर्तमान में 8 नौलों का कार्य पूरा हो चुका है जबकि शेष तीन पर कार्य चल रहा है। इसके लिए जल संस्थान ने 108.47 लाख का एस्टीमेट तैयार किया गया था जिसमें से नगरपालिका नैनीताल ने जल संस्थान को 54.23 लाख रूपए की धनराशि दे दी थी और 54.24 लाख रुपए की धनराशि और दी जानी है। इसके लिए जल संस्थान ने नगरपालिका को पत्र भेजकर शेष धनराशि देने का आग्रह किया है ताकि संबंधित ठेकेदार को भुगतान किया जा सके।

जल संस्थान के ईई रमेश गर्बियाल ने बताया कि संस्थान की ओर से 11 नौलों/ धारों का जीर्णोद्वार कार्य किया जाना था जिसमें पर्दाधारा मल्लीताल, विश्राम घाट पाइंस, स्प्रिंग फ ील्ड मल्लीताल, चूनाधारा मल्लीताल, स्टोनले कंपाउंड तल्लीताल, राजपुरा मल्लीताल,



नारायण नगर, सिपाही धारा तल्लीताल, गुफा महादेव तल्ला कृष्णपुर, गौमुखधारा तल्ला कृष्णापुर, तुतुडियाधारा तल्ला कृष्णापुर शामिल हैं। इनमें से 8 धारों का कार्य पूरा हो चुका है और अन्य 3 पर कार्य चल रहा है। शीघ्र ही इन्हें भी पूरा कर लिया जाएगा। बताया कि 108.47 लाख रुपए से इनका कार्य कराया जाना था जिसमें से पूर्व में पालिका ने 54.23 लाख का भुगतान किया था शेष 54.24 लाख रुपए का भुगतान पालिका की ओर से किया जाना है जिसके लिए संस्थान ने नगरपालिका को पत्र लिखा है।

# नकल माफिया ने युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेला, सरकार जवाब दे: विधायक सुमित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, लगातार हो रहे पेपर लीक, परीक्षाओं के निरस्तीकरण, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने कहाँ कि देश और प्रदेश का युवा आज गहरे संकट से गुजर रहा है। वर्षों की मेहनत और सपनों के सहारे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र बार-बार प्रश्नपत्र लीक, परीक्षाओं के रद्द होने और भर्ती प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब के कारण मानसिक तनाव, असुरक्षा और निराशा का सामना कर रहे हैं। नकल माफिया और भ्रष्टाचार के कारण युवाओं का सरकारी नौकरियों और परीक्षा प्रणाली से विश्वास उठता जा रहा है। उन्होंने कहाँ उत्तराखंड में भी भर्ती घोटालों और पेपर लीक के मामलों ने लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। आज स्थिति यह है कि मेहनत करने वाले युवाओं को अपनी योग्यता से अधिक सिस्टम की विफलताओं से लड़ना पड़ रहा है। देहरादून की होनहार छात्रा रिया कुमारी थापा की दुखद आत्महत्या पूरे समाज को झकझोर देने वाली घटना है। रिया ने नीट परीक्षा दी थी, लेकिन पेपर लीक और उससे उपजे



असमंजस तथा तनाव के बीच उसने यह दुखद कदम उठाया। यह केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं है, बल्कि उस असंवेदनशील व्यवस्था का आईना है, जिसने युवाओं को निराशा और अवसाद के गर्त में धकेल दिया है। अब तक देश में अनेक छात्र-छात्राएं परीक्षा संबंधी तनाव और अनिश्चितता के कारण आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हुए हैं। 2017 से अब तक एक भी पेपर ऐसा नही कराई पायी धामी सरकार जो लीक ना हुआ हो। इसकी सबसे बडी वजह यह है कि पेपरलीक का मास्टर माइन्ड हाकम सिह सरकार की कमजोर पेरवी की वजह से बेल पर रीहा जो जाता है। सरकार की कमजोर पेरवी की वजह से जेल से रीहा जो जाता है और रीहा होते ही एक पेपर लीक हो जाता है। कांग्रेस पार्टी युवाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए उनके साथ खड़ी है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली किसी भी व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।

### नैनीझील में शव मिलने से हड़कंप

नैनीताल। नैनीताल में शुक्रवार सुबह नैनीझील में शव मिलने से हड़कंप मच गया। ठंडी सड़क क्षेत्र में मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने झील में एक शव उतराता देखा, जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाकर शव को नैनी झील से बाहर निकाला, पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान मल्लीताल बड़ा बाजार निवासी 45 वर्षीय मनीष शाह के रूप में हुई।

# कैलाखान में टैक्सी चालक से मारपीट करने वाले तीन युवकों पर कार्रवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के भवाली रोड पर पर्यटकों को कम किराये में गंतव्य तक पहुंचाने वाले टैक्सी चालक के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार देर रात कैलाखान के समीप एक टैंपो ट्रैवलर से कुछ पर्यटक उतरे। पर्यटकों ने नैनीताल पहुंचने के लिए वहां मौजूद टैक्सी चालकों से किराया पूछा। आरोप है कि उन्हें एक वाहन के लिए एक हजार रुपये किराया बताया गया। किराया अधिक लगने पर पर्यटक पैदल ही नैनीताल की ओर चल पड़े। इसी दौरान नैनीताल की ओर जा रही एक खाली टैक्सी को पर्यटकों ने रोक लिया। बताया जाता है कि टैक्सी चालक ने मदद के तौर पर पर्यटकों को कम किराये में अपने वाहन में बैठा लिया। इससे नाराज कुछ टैक्सी चालकों ने पर्यटकों को ले जा रहे चालक के साथ मारपीट कर दी। घटना की जानकारी पर्यटकों ने पुलिस को दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और बुधवार शाम संबंधित युवकों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की।

कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में तल्लीताल निवासी प्रकाश चंद्र, बालम सिंह और सुरेंद्र सिंह के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# भाजपा यूपी की जंबों कार्यकारिणी घोषित, विधान सभा चुनाव 2027 हेतु नई टीम घोषित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी द्वारा नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। इस नई टीम में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, मुख्य प्रवक्ता, मीडिया एवं सोशल मीडिया संयोजक सहित विभिन्न दायित्वों को नियुक्त किया गया है। यह गठन आगामी संगठनात्मक गतिविधियों और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

प्रमुख पदाधिकारियों में प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश राणा,सत्यपाल सैनी, ब्रज बहादुर, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल, देवेश कोरी, प्रियंका रावत, दुर्विजय शाक्य, रमेश सिंह, नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, पूजा पाल, शंकर



गिरी, कामेश्वर सिंह, डॉ. कृतिका अग्रवाल, सुरेश मौर्य, राजेश यादव, कृष्ण बिहारी राय, आलोक गुप्ता जबकि प्रदेश महामंत्री रामप्रताप सिंह चौहान, गीता शाकय, अभिजात मिश्रा, उपेंद्र रावत, संजय राय, शंकर लोधी, दिलीप पटेल,राजेश चौधरी तथा प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे, बसंत त्यागी, शिवभूषण सिंह,सहजानंद राय, अंकुर शर्मा, अनिल यादव, अवधेश श्रीवास्तव, विजय राजभर, महेंद्र जांगड़ा विश्वकर्मा, किरण लोधी निषाद, राकेश बिंद, संगीता सिंह चौहान (लुटिया), रजनी पांडेय,राहुल बाल्मीकि, महोषा नागर,दीपमाला संतोषी, सुहासिनी जायसवाल,पवेंद्र शर्मा, आकांक्षा सोनकर जबकि क्षेत्रीय अध्यक्षपश्चिम नवाब सिंह नागर,ब्रज पूरन लाल लोधी,कानपुर राम किशोर साहू,अवध अवधेश द्विवेदी,काशी अशोक चौरसिया,गोरखपुर विनोद राय,मोर्चा अध्यक्ष में युवा मोर्चा रोहित मिश्रा,पिछड़ा मोर्चा प्रकाश पाल, किसान मोर्चा देवेंद्र सिंह,अनुसूचित मोर्चा अशोक रावत, महिला मोर्चा सरोज कुशवाहा,अनुसूचित जनजाति मोर्चा विभापूषण गौड़, कार्यालय एवं मीडिया विभाग कार्यालय मंत्री भारत दीक्षित, कार्यालय सह मंत्री अतुल अवस्थी, लक्ष्मण सिंह, मुखय प्रवक्ता दिनेश प्रताप सिंह,प्रदेश मीडिया संयोजक मनीष दीक्षित,प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक हिमांशु राज पंडित को शामिल किया गया है।यह नई टीम सामाजिक एवं क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखकर गठित की गई है और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर केंद्रित है।